# निष्पक्ष पत्रकारिता देती है समाज को नई दिशा

**टीकमगढ़,08 फरवरी. निष्पक्ष पत्रकारिता ही समाज को नई दिशा देती है. युवा पत्रकार आमिर भाई ने निष्पक्ष पत्रकारिता की दम पर ही जहां नव भारत को जिले में ऊंचाईयां प्रदान की हैं, वहीं खुद को एक निष्पक्ष पत्रकार के रूप में पहचान दिलाई है. कार्यक्रम में शहर के सभी दलों के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के अलावा पत्रकारों की मौजूदगी यह बताती है कि न्याय और सत्य की आवाज बुलंद करने वाले का सभी सम्मान करते हैं.**

यह विचार भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने व्यक्त किए. स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र के आडीटोरियम में नव भारत समाचार पत्र का 70 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर समाजसेवियों एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि आमिर भाई और नवभारत दिनों दिन तरक्की करे, ऐसी हमारी कामना है. निष्पक्ष कलम चलाते हुए गरीबों की आवाज बनें. इसके साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिब बैंक विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि नवभारत का आजादी से लेकर अब तक समाज एवं देश को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है. नगर में नवभारत की निष्पक्ष आवाज एवं देश की सच्चाई को उजागर करने में खास भूमिका रही है. उन्होंने इस अवसर पर पत्रकार आमिर खान की भी सराहना की, जिन्होंने नवभारत को लोगों के बीच पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य किया है. पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि अन्याय तो अन्याय होता है, वह किसी के द्वारा किया गया हो. बीते दिनों हुई एक घटना के बारे में कहते हुए उन्होंने कहा कि वह आरोपियों के कृत्यों का समर्थन नहीं करते, लेकिन उसके बाद जो दूसरे पक्ष द्वारा किया गया है, वह भी कोई उचित नहीं कहेगा. कानून अपने हाथों में लेना भी गलत है. इस मामले में मीडिया की भूमिका पर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि कलमकारों को कारण कुछ भी रहा हो, लेकिन सच्चाई को सामने लाना चाहिए था. इस अवसर पर उन्होनें पत्रकारिता को जोखिम भरा बताते हुए कहा कि सत्य और ईमानदारी के रास्ते पर चलना आसान नहीं है, लेकिन जिले में कई पत्रकार आज भी सत्यता को उजागर करने में पीछे नहीं हैं. इस अवसर पर बीजेपी नेता एवं पूर्व महामंत्री मनोज देवलिया ने भी पत्रकारिता एवं नवभारत की भूमिका को लेकर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि समाचार पत्र की विश्वसनीयता आज भी बरकरार है. लोग समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर आसानी से भरोसा कर लेते हैं. इसके साथ ही बीजेपी जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि उनकी स्थिति आखरी में आने के कारण उस बल्लेबाज की तरह हो गई है, जिसे रन बनाने का अवसर ही नहीं मिला और टीम जीत गई. सभी ने पत्रकारिता और स्थानीय मुद्दों पर काफी कुछ बोल दिया है. अब चौका-छक्का लगाने की गुंजाईश नहीं रही. उन्होंने अपने संबोधन के दौरान जिले के सभी पत्रकारों को बधाईयां देने के साथ ही नवभारत द्वारा किए गए आयोजन पर अपनी बधाईयां एवं शुभकामनाएं दीं.

## नवभारत का 70 वां स्थापना दिवस समारोह




*नवभारत के 70वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, भाजपा नेता मनोज देवलिया, रमन पस्तोर, कृषि महाविद्यालय डीन डीएस तोमर, नवभारत के संपादक दिलीप झा, मार्केटिंग के महाप्रबंधक प्रकाश व्यास मंचासीन रहे.*

> कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू, रामजी नायक, अनुराग वर्मा, रमन पस्तोर, किरण अहिरवार, डीएस तोमर, अंशुल व्यास सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन संकल्प जैन एवं आभार व्यक्त समाचार पत्र के संपादक दिलीप झा ने किया. कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एंव समाजसेवियों का अथितियों के साथ ही संपादक दिलीप झा एवं महाप्रबंधक प्रकाश व्यास ने सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, अंशुल खरे ठेकेदार, पुष्पेन्द्र जैन केशवगढ़, विकास यादव, सुनील होंडा, अरविंद श्रीवास्तव, मनीराम कठैल, शफी मुहम्मद, सुरेश दौदेरिया, जितेन्द्र जैन क्रांतिकारी, केएल टेलर सहित अनेक समाजसेवी एवं पत्रकार आदि मौजूद रहे.



# 2 हफ्ते बाद लौटी कड़ाके की ठंड, पारा 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल,08 फरवरी. मध्य प्रदेश में करीब दो सप्ताह के अंतराल के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा है. खासकर प्रदेश के पूर्वी जिलों में ठंड का असर अधिक देखने को मिल रहा है.**

कटनी, शहडोल और उमरिया इस समय प्रदेश के सबसे ठंडे जिले बने हुए हैं. कटनी जिले के करौंदी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया गया है. इसके अलावा प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है. बीते तीन दिनों से लगातार रातें अधिक ठंडी होती जा रही हैं. राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी ठंड का असर साफ नजर आया.

### प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. अधिकतम और न्यूनतम तापमानों में किसी प्रकार का विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया और तापमान सामान्य के आसपास ही रहे. मौसम विभाग के अनुसार मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पछुआ हवाओं के प्रभाव से एक पश्चिमी विक्षोभ गर्त के रूप में सक्रिय है, जिसका अक्ष माध्य समुद्र तल से लगभग 5 .8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है.

# कृषि क्षेत्र की संपूर्ण सुरक्षा, किसान हित सर्वोपरि : शिवराज

## भारत अमेरिका ट्रेड डील के बारे में बताया



**भोपाल,08 फरवरी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में कृषि क्षेत्र से संबंधित सभी निर्णय भारतीय किसानों के हितों की पूर्ण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं.**

श्री चौहान ने रविवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी.उन्होंने कहा कि इस समझौते में ऐसा कोई भी कृषि उत्पाद शामिल नहीं किया गया है, जिससे देश के किसानों को किसी प्रकार की क्षति पहुंचे. देशहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से पूरी तरह बाहर रखा गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी. उन्होंने इसे एक दूरदर्शी निर्णय बताते हुए कहा कि इससे भारतीय कृषि की शुद्धता बनी रहेगी और मिट्टी व बीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी. चौहान ने बताया कि अमेरिका को मांस, पोल्ट्री, डेयरी, सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, एथेनॉल और तंबाकू सहित किसी भी कृषि उत्पाद पर टैरिफ छूट नहीं दी गई है. इसके अतिरिक्त केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, आटा, आलू, प्याज, बीन्स, खीरा, मशरूम, फ्रोजन सब्जियां तथा विभिन्न फल-सब्जियों के आयात की भी अनुमति नहीं होगी. उन्होंने कहा कि लिक्विड दूध, दूध पाउडर, दही, मक्खन, घी, पनीर, व्हे उत्पाद एवं चीज़ जैसे सभी अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारत में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिससे देश के दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका सुरक्षित रहेगी.

> केंद्रीय मंत्री ने मसालों के आयात पर भी प्रतिबंध की जानकारी देते हुए कहा कि काली मिर्च, लौंग, दालचीनी, धनिया, जीरा, हल्दी, अदरक सहित अन्य मसाले भी आयात के दायरे से बाहर रखे गए हैं. उन्होंने दोहराया कि यह ट्रेड डील पूरी तरह किसान हितैषी है और इससे भारतीय कृषि व खाद्य सुरक्षा पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा.

# पांच करोड़ मूल्य का अवैध सामान जप्त

## ड्रग निर्माण में किया जाता था उपयोग



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,08 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए राजगढ़ और मंदसौर जिलों में की गई दो बड़ी कार्रवाइयों में एमडी ड्रग्स से जुड़े केमिकल, मादक पदार्थ और उपकरण जब्त किए हैं.**

राजगढ़ जिले में थाना माचलपुर पुलिस ने एमडी ड्रग्स के निर्माण में प्रयुक्त 266.9 किलोग्राम केमिकल बरामद किए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई गई है. 7 फरवरी को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत की खंती के पास दबिश दी, जहां पांच नीले प्लास्टिक ड्रमों में सफेद क्रिस्टलनुमा केमिकल पाउडर छिपाकर रखा गया था. प्रारंभिक जांच में यह पदार्थ एमडी ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाला पाया गया. एनडीपीएस एक्ट के तहत केमिकल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तस्करी नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है. वहीं मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ग्राम सुरजना स्थित खेत के कुएं पर छापा मारकर पुलिस ने आरोपियों को एमडी ड्रग्स बनाते हुए पकड़ा.



## हेमंत खंडेलवाल ने राजा भोज जयंती शोभायात्रा में किया माल्यार्पण

**बैतूल, 08 फरवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल में राजा भोज की जयंती पर क्षत्रिय-पवार समाज संगठन द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में सहभागिता कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार समेत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक बंधु एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## यंग इंडिया




# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

## ग्रामीण डाक सेवक भर्ती 2026

भारत डाक विभाग की ओर से ग्रामीण डाक सेवक यानी जीडीएस भर्ती 2026 की घोषणा कर दी गई है. यह भर्ती देशभर के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का एक बड़ा अवसर लेकर आई है. इस बार कुल 28 हजार 636 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जो अब तक की बड़ी भर्तियों में से एक मानी जा रही है. आवेदन की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 14 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती के अंतर्गत न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी. नियमानुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु में छूट भी दी जाएगी. शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवार का दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जिसमें गणित और अंग्रेज़ी विषय होना चाहिए. साथ ही संबंधित राज्य की स्थानीय भाषा का ज्ञान भी जरूरी है.

आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 100 रुपया रखा गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और सभी वर्ग की महिला उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

भर्ती की खास बात यह है कि इसमें कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी. चयन पूरी तरह से मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा, जो दसवीं कक्षा में प्राप्त अंकों के अनुसार तैयार की जाएगी. इसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन और अंतिम चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

राज्यवार पदों की बात करें तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में सबसे अधिक पद रखे गए हैं. इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है.

# विज्ञान स्नातकों के लिए पुलिस भर्ती

बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग यानी बीपीएसएससी ने वर्ष 2026 के लिए सहायक अवर निरीक्षक (ऑपरेशन) पदों पर भर्ती की घोषणा कर दी है. यह भर्ती राज्य के उन युवाओं के लिए खास मानी जा रही है, जिन्होंने विज्ञान विषय से स्नातक की पढ़ाई की है और पुलिस सेवा में शामिल होने का सपना देखते हैं. इस भर्ती के अंतर्गत कुल 462 पदों पर नियुक्ति की जाएगी.

आवेदन की प्रक्रिया 4 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 4 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. आवेदन शुल्क सभी वर्गों के लिए 100 रुपया रखा गया है, जिसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या मोबाइल भुगतान माध्यम से जमा किया जा सकता है.



आयु सीमा की बात करें तो न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है. अधिकतम आयु सामान्य और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरुषों के लिए 37 वर्ष, सामान्य और ईडब्ल्यूएस महिला उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के लिए 40 वर्ष, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 42 वर्ष तय की गई है. आयु की गणना 1 अगस्त 2025 के आधार पर होगी.

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार का भौतिकी विषय के साथ विज्ञान स्नातक होना अनिवार्य है. सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं.

इस भर्ती की एक अहम विशेषता शारीरिक दक्षता परीक्षा है. पुरुष उम्मीदवारों के लिए लंबाई, सीना, दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक की परीक्षा होगी, वहीं महिला उम्मीदवारों के लिए लंबाई, दौड़ और कूद से संबंधित मानक तय किए गए हैं. चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा, दस्तावेज़ जांच और अंत में चिकित्सकीय परीक्षण शामिल होगा.

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक सूचना पत्र को ध्यान से पढ़ लें और अपनी योग्यता की पुष्टि कर लें. बिहार पुलिस की यह भर्ती उन युवाओं के लिए बड़ा अवसर है, जो अनुशासन, सेवा और सम्मान के साथ एक सुरक्षित भविष्य बनाना चाहते हैं. समय पर आवेदन और सही तैयारी ही इस परीक्षा में सफलता की कुंजी है.

## फार्मेसी युवाओं के लिए सरकारी सेवा का मौका

**झारखंड** लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी ने वर्ष 2026 के लिए ड्रग इंस्पेक्टर भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है. यह भर्ती राज्य के उन युवाओं के लिए खास मानी जा रही है, जो दवा क्षेत्र में पढ़ाई पूरी कर सरकारी सेवा में करियर बनाना चाहते हैं. इस भर्ती के अंतर्गत कुल 30 पदों पर ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति की जाएगी.

आवेदन प्रक्रिया 29 जनवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 18 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. आवेदन शुल्क सामान्य, पिछड़ा, अति पिछड़ा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 600 रुपया, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 150 रुपया निर्धारित किया गया है. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

आयु सीमा की बात करें तो न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखी गई है. अधिकतम आयु सामान्य वर्ग के पुरुषों के लिए 35 वर्ष, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के पुरुषों के लिए 37 वर्ष, सामान्य व पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए 38 वर्ष, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष निर्धारित की गई है. आयु की गणना 1 अगस्त 2024 के आधार पर की जाएगी. नियमानुसार आरक्षित वर्गों को आयु में छूट भी मिलेगी.

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार के पास फार्मेसी स्नातक, फार्मास्यूटिकल साइंस या चिकित्सा स्नातक के साथ क्लिनिकल फार्माकोलॉजी या माइक्रोबायोलॉजी की डिग्री होना अनिवार्य है.

# यंत्र इंडिया अप्रेंटिस भर्ती का नोटिस जारी

यंत्र इंडिया लिमिटेड यानी वाईआईएल ने वर्ष 2026 के लिए अप्रेंटिस भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है. यह भर्ती देशभर के उन युवाओं के लिए खास अवसर लेकर आई है, जो तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य को मजबूत बनाना चाहते हैं. इस भर्ती के अंतर्गत कुल 3979 पदों पर अप्रेंटिस की नियुक्ति की जाएगी.

आवेदन प्रक्रिया 1 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी 3 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. वाईआईएल द्वारा जारी सूचना के अनुसार न्यूनतम आयु 14 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी. नियमानुसार आरक्षित वर्गों को आयु में छूट भी दी जाएगी.

भर्ती में दो प्रकार के पद शामिल हैं. पहले आईटीआई ट्रेड, जिनके लिए कुल 2843 पद निर्धारित किए गए हैं. इन पदों के लिए उम्मीदवार का संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. दूसरे नॉन आईटीआई ट्रेड के अंतर्गत 1136 पद रखे गए हैं, जिनके लिए उम्मीदवार का दसवीं कक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है.

सशस्त्र सेनाओं का सशक्तिकरण

Empowering The Armed Forces

आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 200 रुपया प्लस जीएसटी, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और महिला उम्मीदवारों के लिए 100 रुपया प्लस जीएसटी रखा गया है. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

चयन प्रक्रिया की बात करें तो इसमें शॉर्टलिस्टिंग, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सकीय जांच शामिल होगी. किसी प्रकार की लिखित परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा, जिससे यह भर्ती युवाओं के बीच और भी आकर्षक बन गई है.

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक सूचना पत्र को ध्यान से पढ़ें और पात्रता की जांच अवश्य कर लें. यंत्र इंडिया लिमिटेड की यह अप्रेंटिस भर्ती न केवल प्रशिक्षण का अवसर देती है, बल्कि भविष्य में रोजगार के बेहतर रास्ते भी खोलती है.